[Kumari Chandrika Premji Kenia]

I must thank you immensely for giving me this opportunity to make my Special Mention.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR) : It is your right, you know Kumari Tiria.

**Alleged Corruption in B.C.C.L. Dhanbad and Durgapur Steel Plant**

**कुमारी सुशीला तिरिया** (उड़ीसा) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने जो मुझे इस स्पेशल मेंशन पर बोलने का समय दिया, उसके लिए मैं आपकी आभारी हूं ।

महोदय, 12 अगस्त, 1990 के उड़ीसा टाइम्स में एक खबर छपी है जिसमें दुर्गापुर स्टील प्लांट के बारे में और बी.सी.सी.एल. धनबाद के बारे में भारी अनियमितताएं करने का समाचार छपा है ।

श्रीमन, यह सरकार करप्शन के खिलाफ कहते हुए लोगों की आंखों में धूल झोंककर पैदा हुई है और सरकार की इन कम्पनियों में बी.सी.सी.एल. धनबाद में जो करप्शन चल रहा है, इसके बारे में मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं ।

महोदय, बी.सी.सी.एल. के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने मैसर्स जायसवाल व्यापार केन्द्र सहारत गढ़ गांव खानकुईया, उत्तर प्रदेश को भारी मात्रा में कोकिंग कोल सप्लाई किया जो कि पार्टी ने अधूरे तरीके से सप्लाई किया था । यह आरोप लगाया गया है कि बी.सी.सी.एल. के महाप्रबंधक श्री डी. सिंह ने कुछ उचित एवं सही आवेदनकर्ताओं के आवेदन को खारिज कर दिया जिन्होंने दामोदर कोलयरी से कोयला मांगा था और बी. सी. सी. एल. के अध्यक्ष के भाई एवं दामाद के प्रभाव में आकर बी.सी.सी.एल. के महाप्रबन्धक ने मैसर्स जायसवाल व्यापार केन्द्र को कोयला दिया ।

दूसरी घटना यह है कि कोयला कर्मचारी वैलफेयर कोष से 14 लाख रुपये को मैलप्रेक्टिस का मामला भी प्रकाश में आया है । (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR) : Those Members who want any refreshment or anything can have it. The Minister has promised that he will provide. It is already 9.30 P.M.

AN HON. MEMBER : Sir, 9.30 is the dinner time.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR) : He is not refusing anything. If you want dinner, you can go and have dinner.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI JAGDEEP DHANKHAR) : Sir, I will get in touch with Mr. Jacob. He is such a nice man. He will give guidance to me and I will go by it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR) : That has been the tradition. Mr. Minister, if we sit beyond 9.00 P.M., the arrangement used to be made. You are in good tradition. There is no doubt about it.

**श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया** (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, यह सिर्फ मैम्बरों के लिए है ये जो बाहर आदमी काम करते हैं, लाइब्रेरी में काम करते हैं इनके लिए कोई बंदोबस्त नहीं है । (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR) : You have pointed it out. The Minister is here. He will take care of it. You can go and have dinner. We will proceed with the business.

PROF. CHANDRESH P. THAKUR (Bihar) : There might be a problem of quorum.

I suggest that the House be adjourned for 15 minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR) : Miss Tiria, please go on.

**कुमारी सुशीला तिरिया :** यह पता लगा है कि वेलफेयर कोष के 16 करोड़ रुपये में से वर्तमान महाप्रबंधक ने वर्ष 88-89 तथा 89-90 के लिए मात्र 2 एवं 3 करोड़ रुपया ही खर्च किया है एवं पुनः उन्हें वर्तमान पद के लिए एक्सटेंशन दी जा रही है। यह आरोप है कि धनबाद कोल भवन निर्माण के लिए खर्च हुए धन का भी दुरुपयोग हुआ है। इसके लिए एक पूर्ण जांच समिति बनाई जाए। इस वेलफेयर फण्ड में एस.सी., एस.टी. के लोग ज्यादा काम कर रहे हैं। वेलफेयर फंड में से पैसा खाने वालों को भी आइडेंटीफाई किया जाए। मैं जानना चाहूंगी कि इन 16 करोड़ में से केवल 2-3 करोड़ ही खर्च हुआ है बाकी कहां गया? इंडस्ट्री मिनिस्टर और यह वेलफेयर मिनिस्टर हैं आपके माध्यम से इनसे कहना चाहूंगी कि एस.सी., एस.टी. के वेलफेयर के लिए और दूसरे लोगों के लिए यह मंडल कमीशन लागू कर रहे हैं इसका क्या लाभ है? **(व्यवधान)**

यह जो 16 करोड़ में से 2-3 करोड़ वेलफेयर फंड पर खर्च हुआ, बाकी कहां गया इसकी जानकारी सदन को भी दें और सी.बी.आई. से इंक्वायरी करने के लिए कहें।

दूसरी घटना यह है कि दुर्गापुर स्टील लाइम कैल्सीनेशन प्लांट में भी करप्शन चल रहा है। इसके जो निदेशक हैं उनको, बिक्स द्वारा बनी कोक-ओवन बैटरी नं.-10 आई.सी एस.सी.ओ. स्टील वर्क्स, बर्नपुर में पी.एण्ड ई.टेस्ट हटाने के बारे में भी लिखा गया है तथा प्रोजेक्ट डायरेक्टर पर लाइम कैल्सीनेशन प्लांट के अनुबंध देने में कई इर-रेगुलरटीज किये जाने का आरोप है। इसलिए इसके बारे में सी.बी.आई. की जांच के लिए मंत्री महोदय आर्डर दें यह मैं आपसे कहना चाहती हूं ताकि सी.बी.आई. की जांच करके काला धन जो इनके पास है वह जनता के सामने लाया जा सके और नेशनल प्रोपर्टी को जिन लोगों ने, आफिसर्स ने इस तरह से मिसयूज किया है उनको सजा दिलाई जा सके। शुक्रिया।

## Need to set up a Thermal Power Station at Chandrapur

**श्री नरेश सी. पुगलिया** (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय सरकार का और ऊर्जा मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। आठवीं योजना में चन्द्रपुर जिले के माध्वी गांव में जो कि उर्गा ताल्लुका में आता है, नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन का एक हजार मेगावाट का थर्मल पावर प्रोजेक्ट मंजूर किया गया था। आठवीं योजना में इसका पहला यूनिट और नवीं योजना में इसका दूसरा यूनिट चालू होने वाला था। लेकिन बड़े दुःख के साथ कहना पड़ता है कि पिछली सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय आज के नेशनल फ्रन्ट सरकार ने बदल दिया है और वहां होने वाला यह प्रोजेक्ट अब सन् 2000 तक, हम वहां कोयला दे नहीं सकते, इस प्रकार की बहानेबाजी की है। मैं आपके माध्यम से इस सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि सरकार की पालिसी है कि जहां कोयला उपलब्ध है वहां थर्मल पावर प्रोजेक्ट दिया जाये। चन्द्रपुर जिले के तीन ताल्लुकों का सर्वे हुआ है। उसमें तीन हजार करोड़ का कोयला आज उपलब्ध है और बाकी ताल्लुकों का सर्वे जारी है। इतने बड़े पैमाने पर जहां कोयला उपलब्ध है और जहां पर पिछली सरकार ने, कांग्रेस सरकार ने, प्रोजेक्ट की मंजूरी दी है, उस प्रोजेक्ट को बाद में चेन्ज करना या कैंसिल करना या उसको दूसरी जगह बदलना, यह